मार्गदर्शन

राजकीय आईटीआई में आयोजित किया गया कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम

# छात्रों को दी स्वरोजगार के बारे में जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी




साढौरा आईटीआई में स्वयंसेवक को सम्मानित करते प्रितेश कुमार जवेरी। संवाद

**साढौरा।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राजकीय आईटीआई में आयोजित कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में छात्रों को युवा प्रशिक्षण और स्वरोजगार के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी प्रितेश कुमार जवेरी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन ग्रामीण युवा विकास मंडल के राष्ट्रीय स्वयंसेवक नीरू रानी व राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभिन्न विभागों से चार वक्ता मौजूद रहे। जिन में से राजकीय आईटीआई के प्रशिक्षक पवन कुमार ने युवा प्रशिक्षण व स्वरोजगार की जानकारी दी।

प्रधानाचार्य कृष्णलाल ने शिक्षा व व्यवसाय के सामंजस्य व नेहरू युवा केंद्र से जुड़ने के लाभ की जानकारी दी। वहीं साढौरा के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मंगत राम ने कौशल विकास से जीवन विकास विषय के बारे में बताया। कार्यक्रम के समन्वयक सतपाल शर्मा ने युवा जीवन में योग की आवश्यकता व उसके लाभ एवं व्यावसायिक शिक्षा के बारे विस्तार से जानकारी दी।

जिला युवा अधिकारी प्रितेश कुमार जवेरी ने रोजगार संबंधित विभिन्न आयामों एवं कौशल विकास से स्वरोजगार तथा बैंक मित्र योजना के बारे में बताया।

कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलवाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक नीरू ने कहा कि इस प्रकार से आयोजनों से युवा वर्ग बेहद लाभान्वित होता है। युवा इंतजार खान, मीनू, लक्ष्मी व मीनू बकशी ने कहा उन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से नई जानकारियां प्राप्त हुई हैं जोकि उन्हें भविष्य में रास्ता दिखाने में उपयोगी होंगी।

---

दैनिक भास्कर

यमुनानगर भास्कर 24-02-2022

# आईटीआई में की कॅरियर परामर्श कार्यशाला

**साढौरा ।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र ने आईटीआई में कॅरियर परामर्श एवं कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला की गई। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी प्रितेश जवेरी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार कॅरियर का चयन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण युवा विकास मंडल की स्वयंसेवक नीरू व राजीव ने किया। इस दौरान आईटीआई के प्रशिक्षक पवन ने युवा प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार बारे बताया। कृष्ण लाल ने शिक्षा एवं व्यवसाय के सामंजस्य बारे बताया। मंगत राम सैनी ने कौशल विकास से जीवन विकास विषय बारे बताया। मौके पर इंतजार खान, मीनू, लक्ष्मी एवं मीनू बख्शी उपस्थित रहे।

---

# नौकरी के लिए साक्षात्कार कराया

**साढौरा।** राजकीय आईटीआई में वीरवार को टर्नर, फीटर ट्रेड के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का नौकरी के लिए साक्षात्कार कराया गया। मैसर्ज ऐलीना ऑटो प्राइवेट लिमिटेड मोहाली के एचआर मैनेजर धर्मेंद्र वशिष्ठ ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। प्लेसमेंट में आईटीआई संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों के लगभग 50 छात्रों ने हिस्सा लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा कैंपस में साक्षात्कार का आयोजन कराया गया। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आईटीआई कोर्स के बाद शत प्रतिशत अप्रेंटिसशिप और जॉब ऑफर उपलब्ध करवाना है। इस दौरान कर्ण सिंह मान, रविंद्र कुमार, अरविंद कुमार व सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे। संवाद

# यातायात दायित्वों का निर्वहन करें विद्यार्थी

## अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से राजकीय आईटीआई में पुलिस पाठशाला आयोजन, मोबाइल एप की जानकारी दी



विद्यार्थियों को पुलिस के मोबाइल एप के बारे में जानकारी देते डीएसपी आशीष चौधरी । संवाद



अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस पाठशाला कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। संवाद




संवाद न्यूज एजेंसी

**साढौरा।** अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से बुधवार को राजकीय आईटीआई में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे बिलासपुर डीएसपी आशीष चौधरी ने विद्यार्थियों को कानून के साथ ही यातायात दायित्वों का पूरा करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि यातायात यातायात नियमों का पालन न करने वाला अपने और दूसरों के लिए खतरा बन रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नशा मुक्ति अभियान, रोड सेफ्टी, कानून के दायरे में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की जरूरत पर जोर दिया।

चौधरी ने कहा कि सड़क पर चलते समय हमें सतर्क रहना चाहिए। नियमों का पालन नहीं करने वाला अपने ही नहीं दूसरों के जीवन के लिए भी खतरा साबित हो रहा है। मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन करते हुए कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसलिए 18 वर्ष से पहले बगैर लाइसेंस वाहन न चलाएं। लर्निंग लाइसेंस केवल वाहन सीखने के लिए होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशे के सेवन का प्रचलन बढ़ रहा है, जो चिंता का विषय है।

डीएसपी ने कहा कि यमुनानगर को नशा मुक्त बनाने के लिए युवाओं में नशे के खिलाफ जागरुकता लाना जरूरी है। जागरूक रहकर ही युवा नशे से दूर रह सकते हैं। इसमें आम लोगों को पुलिस का सहयोग करना होगा।

पुलिस प्रशासन द्वारा यमुनानगर में समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से एक नशा विरोधी मुहिम चलाई जा रही है जिसमें हम अब तक बहुत से बच्चों को नशे की लत छुड़वाने में कामयाब हुए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रति लोगों के नकारात्मक विचार होते हैं। मगर पुलिस भी वैसे ही होती है जैसा वहां का समाज होता है। इसलिए एक बेहतर समाज का निर्माण करें। इस दौरान उन्होंने पुलिस के मोबाइल एप के बारे में भी जानकारी दी।



राजकीय आईटीआई में पुलिस की पाठशाला में उपस्थित छात्र। संवाद

### दोपहिया वाहन चलाते समय जरूर पहने हेलमेट



“ रोड सेफ्टी काउंसिल सदस्य वकील सुशील आर्य ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय यातायात के नियमों की पालना करना जरूरी है। इस दौरान सिर पर हेलमेट होना आवश्यक है तथा चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व निर्धारित सीमा में ही वाहन को चलाएं। हमारे देश में हत्या से ज्यादा मौतें सड़क दुर्घटना में होती हैं। पुलिस अभियान भी चला रही है, उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी संकल्प लें कि सभी एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करेंगे।

### अभियान से विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी



“ आईटीआई प्रिंसिपल अश्वनी शर्मा ने अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा चलाए गए पुलिस की पाठशाला को सराहा है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान का बेहतर अभियान है। इससे जनता और पुलिस के बीच की कड़ी खत्म होगी। लोगों को अभियान से काफी कुछ सीखने के लिए मिलेगा साथ ही विद्यार्थियों को भी एक नई दिशा मिलेगी।

**DATE:- 13.05.2022**

# आईटीआई साढ़ौरा में तकनीकी दिवस मनाया

**साढ़ौरा।** हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, हरियाणा सरकार, पंचकूला के निदेर्शानुसार आई टी आई में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-2022 धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा अनुसार संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के मध्य गोष्ठी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को संस्थान के प्रधानाचार्य व कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के तौर पर आमन्त्रित मुख्य अतिथि, जगमोहन सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय आई0टी0आई0, कुरूक्षेत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को टैक्नोलॉजी की महत्वता के बारे में जानकारी दी व टैक्नोलॉजी के सदुपयोग बारे संदेश दिया। प्रधानाचार्य अशवनी शर्मा ने बताया कि संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों व प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के मोटिवेशन व उत्साहवर्धन हेतू समाज सेवी सुमंत जैन, पवन कुमार सैनी, सदस्य जिला कष्ट निवारण समिति, यमुनानगर द्वारा विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की गई ।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वरिष्ठ वर्ग पवन कुमार द्वारा प्रोग्राम कोऑरडीनेटर के तौर पर भूमिका निभाई व राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की महत्वता बताते हुए इस कार्यक्रम का पूर्ण संचालन किया। अंत में अश्वनी कुमार द्वारा कार्यक्रम में आमन्त्रित मुख्य अतिथि व सभी विशिष्ट अतिथियों का कार्यक्रम में समय देने का धन्यवाद किया व साथ ही सभी स्टाफ सदस्यों व प्रशिक्षणार्थियों को इस विशेष दिन की शुभकामनायें दी तथा साथ ही सभी प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत होने पर बधाई दी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया।